हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, रविवार, 9 नवंबर 2025

11 भूना के फुटबॉलर करनाल में छाए, झज्जर को हराकर बने स्टेट चैम्पियन



12 ठंड से बच्चों की सेहत पर असर, सिविल अस्पताल में बढ़ी ओपीडी



## खबर संक्षेप

### महिला अवैध शराब व लाहण सहित काबू

**फतेहाबाद।** अवैध शराब तस्करों पर शिकंजा कसते हुए टोहाना पुलिस ने एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। महिला को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान तोषा बाई, पत्नी चरणजीत सिंह निवासी गांव ललौदा के रूप में हुई है।

### नशीली गोलियां मिलने पर मेडिकल स्टोर सील

**सिरसा।** पुलिस ने मेडिकल नशे के खिलाफ शिकंजा करते हुए गांव चोरमार स्थित एक मेडिकल से नशे में प्रयोग होने वाली गोलियां बरामद होने पर मेडिकल को सील कर दिया है। सीआईए प्रभारी डबवाली राजपाल ने शनिवार को बताया कि मेडिकल संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि गांव चोरमार स्थित एक मेडिकल स्टोर पर नशे में प्रयुक्त होने वाली गोलियां बेची जा रही है। जिस पर पुलिस टीम ने छापेमारी की।

### मुनीम से मारपीट व लूटपाट करने पर तीसरा युवक काबू

**फतेहाबाद।** अनाज मण्डी रतिया के एक मुनीम से मारपीट कर नकदी व मोबाइल छीनने के मामले में रतिया पुलिस ने फरार चल रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सागर पुत्र कृष्ण चंद, निवासी वार्ड नंबर 12, रतिया के रूप में हुई है। आरोपी से एक मोटरसाइकिल बरामद की गई, जिसका उपयोग वारदात में किया गया था।

# प्रदेश के सिख समुदाय को कमेटी बनाकर दी स्वायत्तता : मुख्यमंत्री

## चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी का जीवन संपूर्ण विश्व के लिए प्रेरणा स्त्रोत। केंद्र व प्रदेश की सरकार उन्हीं के द्वारा दी गई शिक्षाओं का मार्गदर्शन करते हुए काम कर रही है। यही वजह है कि 2022 में हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी गठित कर हरियाणा के सिख समुदाय को हरियाणा में स्वायत्तता दी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि बेशक आज एआई, रोबोटिक, अल्ट्रामोड्राइजेशन का युग है, लेकिन भारत को सुपर पावर बनाने में ज्ञान, तकनीक, अध्यात्मिकता, नैतिक आधार, दृढ़ता व बहादुरी भी ताकत देगी जो श्री गुरु तेग बहादुर जी ने संदेश दिया है। मुख्यमंत्री शनिवार को चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय में 'श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन और दर्शन' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई गुरुओं के जीवन पर आधारित पेंटिंग प्रदर्शनी व फैशन टेक्नोलॉजी विभाग की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री की पुस्तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा की कि हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस पर उनसे प्रेरणा लेते हुए चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय में श्री गुरु तेग बहादुर जी अध्ययन पीठ स्थापित की जाएगी, जहां विद्यार्थी उनके जीवन और दर्शन पर अनुसंधान कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350 वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में 1 नवंबर से कार्यक्रम शुरू हो चुके हैं, जो 25 नवंबर तक चलेंगे। मुख्य समारोह कुरुक्षेत्र में आयोजित किया जाएगा।



सिरसा। सीडीएलयू में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित करते मुख्यमंत्री।

### चार पवित्र यात्राएं निकाली जाएंगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि चार पवित्र यात्राएं निकाली जाएंगी, जिनमें से पहली पवित्र यात्रा का शुभारंभ आज सिरसा जिले के रोड़ी से किया गया है। मुख्यमंत्री ने देशभर से आए संतों, विद्वानों और शोधकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हम ऐसे महापुरुष के जीवन और संदेश पर मनन कर रहे हैं, जिन्होंने यह सिखाया कि धर्म केवल अपना धर्म बचाने का नाम नहीं, बल्कि पूरे विश्व के नैतिक विवेक को बचाने का दायित्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जब मानवता तकनीकी युग में प्रवेश कर चुकी है, तब भी श्री गुरु तेग बहादुर जी के आदर्श भारत को दिशा दे रहे हैं। 21वीं सदी में भारत की असली शक्ति तकनीक नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों, आध्यात्मिक दृढ़ता और साहस में निहित है। उन्होंने कहा कि जब युवाओं के सामने अति-प्रतिस्पर्धा, मानसिक दबाव और तुलना की संस्कृति जैसी चुनौतियाँ हों, तब श्री गुरु तेग बहादुर जी और उनके चारों शहीद शिष्य नई पीढ़ी के लिए प्रकाश स्तंभ का कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत गुरु महाराज जी की शिक्षाओं के अनुरूप मानवता के मार्गदर्शन का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत आज 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के सिद्धांत पर आगे बढ़ रहा है, जो गुरु परंपरा की भावना का ही विस्तार है।



रतिया। श्रद्धालुओं के साथ रवाना होते चेयरमैन रविन्द्र बलियाला।

### शहीदी दिवस पर रोडी से ऐतिहासिक यात्रा शुरू

**रतिया।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और हरियाणा सरकार द्वारा गुरु श्री तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में भव्य और ऐतिहासिक यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। हरियाणा सरकार के अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के चेयरमैन व इस यात्रा को लेकर जिला संयोजक बनाए गए प्रोफेसर रविंद्र बलियाला के नेतृत्व में रतिया क्षेत्र से भारी संख्या में श्रद्धालु आज रोड़ी के लिए रवाना हुए। मीडिया से बातचीत करते हुए प्रोफेसर रविंद्र बलियाला ने बताया कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350 में शहीदी दिवस को लेकर हरियाणा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी व प्रदेश सरकार द्वारा एक संदेश यात्रा प्रदेश में निकाली जा रही है तथा यह यात्रा आज रोड़ी से प्रारंभ होकर प्रदेश भर में से होते हुए 24 नवंबर को कुरुक्षेत्र में पहुंचेगी जहां इस यात्रा का समापन भव्य ढंग से होगा। प्रोफेसर रविंद्र बालियान ने बताया कि यह यात्रा 17 नवंबर को फतेहाबाद पहुंचेगी और 18 नवंबर को इस यात्रा का रतिया के अंगीठा साहिब गुरुद्वारा में रात्रि विश्राम होगा।

# करंट लगने से बिजली कर्मी की मौत





टोहाना। रोड जाम करते परिजन तथा प्रदर्शनकारियों से बातचीत करते पुलिस अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

- परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए किया रोड जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

उपमंडल के रसूलपुर गांव में बिजली का कार्य करते समय करंट लगने से एक कर्मचारी की मौत होने का समाचार है। मृतक युवक हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत कार्यरत था। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए टोहाना के नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने बिजली निगम पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मृतक की पहचान गांव हिंदालवाला निवासी 51 वर्षीय बसंत कुमार के रूप में हुई है। उनके परिवार में एक बेटा और एक बेटी हैं। अस्पताल में मौजूद मृतक कर्मचारी बसंत कुमार के लड़के मोहित ने बताया कि मार्च महीने में भी उनके पिता बिजली का कार्य करते समय गिर गए थे, जिसके चलते उनके पैर में रॉड डालकर ऑपरेशन किया गया था। लंबी छुट्टी के बाद उन्होंने शुक्रवार को ही ड्यूटी ज्वाइन की थी और शनिवार को यह हादसा हो गया।

### परमिट लेने के बाद लाइन पर चढ़ाया, तो करंट कैसे लगा

मोहित ने बताया कि बिजली निगम द्वारा लाइन का परमिट लेने के बाद उनके पिता को लाइन पर चढ़ाया गया था। इसके बावजूद लाइन में करंट कैसे आया, यह बड़ा सवाल है। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से विभाग की लापरवाही का मामला है। साथ ही उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि जब उनके पिता के पैर में रॉड थी, तो उन्हें लाइन पर क्यों चढ़ाया गया। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी उमेद सिंह मौके पर पहुंचे और परिजनों से बातचीत की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने परिजनों को मामले की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है वहीं परिजनों ने चेतावनी दी है कि जब तक दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती, वे धरना जारी रखेंगे।

# पार्षद नगरपरिषद के गेट के बाहर तंबू गाढ़कर देंगे धरना, राजनेताओं को बुलावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नगरपरिषद अधिकारियों की मनमानी और विकास कार्य ठप्प होने से परेशान नगर पार्षदों ने अब आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया है। नगरपरिषद के अंदर धरना दे रहे पार्षदों ने ऐलान किया है कि सोमवार से वे नगर परिषद की चारदीवारी के भीतर नहीं, बल्कि मुख्य गेट पर धरना देंगे। आंदोलन को और व्यापक बनाने के लिए पार्षदों ने समाजसेवी संस्थाओं से भी सहयोग की अपील की है। मिली जानकारी के अनुसार, पार्षद लंबे समय से नगर परिषद के कार्यों में पारदर्शिता और विकास कार्यों की मांग को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम न उठाए जाने से उनमें रोष बढ़ता जा रहा है। अब पार्षदों ने निर्णय लिया है कि यदि उनकी मांगें जल्द नहीं मानी गईं तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। पार्षदों ने कहा कि वे जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं और नगर परिषद अधिकारियों की मनमानी अब और बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



फतेहाबाद। नगरपरिषद के अंदर धरना देते पार्षद। फोटो : हरिभूमि

# ऑनलाइन फ्रॉड करने पर नूंह से दो युवक गिरफ्तार

- पुलिस ने आरोपियों से पुछताछ कर न्यायालय के किया पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

ऑनलाइन ठगी के एक मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने नूंह से दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवकों की पहचान मोंटी पुत्र विजय, निवासी खेरी कलां, फरीदाबाद, हाल वार्ड नं. 10, पुन्हाना तथा संदीप पुत्र महेंद्र निवासी शाहबाद डेयरी, उत्तर पश्चिम दिल्ली, हाल वार्ड नं. 09, पुन्हाना के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता सिकंदर सिंह पुत्र बुग्गा सिंह, निवासी कुसला, जिला मानसा (पंजाब), हाल वार्ड नं. 1, रतिया ने 6 अक्टूबर को शिकायत दर्ज करवाई। उन्होंने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने खुद को उनके बेटे प्रदीप कुमार का मास्टर बताते हुए 25 हजार गलती से उनके खाते में आने की झूठी कहानी सुनाई और विश्वास में लेकर 5 हजार रुपये गूगल पे के माध्यम से अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने गहन जांच और साइबर सेल की तकनीकी मदद से आरोपियों की पहचान की और उन्हें नूंह से गिरफ्तार किया। इस संबंध में पुलिस ने 11 अक्टूबर को धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों से पूछताछ की और उन्हें न्यायालय में पेश किया। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है ताकि इस साइबर ठगी नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता का पता लगाया जा सके।



रतिया। ऑनलाइन फ्रॉड मामले में गिरफ्तार दोनों युवक।

# अवैध भट्ठियों को लेकर एसडीएम ने लिया संज्ञान

- शिकायतकर्ता व आरोपी के अलावा बीडीपीओ को किया तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा के एसडीएम ने गांव रंगड़ीखेड़ा वीटा मिल्क प्लांट के साथ कच्चे रास्ते में लकड़ी से कोयला बनाने की अवैध भ_ियों के संचालन की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए शिकायतकत्रा, आरोपी व बीडीपीओ सिरसा को 20 नवंबर को सुबह साढ़े 11 बजे अपने कार्यालय में तलब किया है। एसडीएम ने बीडीपीओ सिरसा को शिकायत के संदर्भ में मौके का निरीक्षण करने, भ_ियों के संचालन के लिए अनुमति पत्र, भ_ियों की मौजूदा स्थिति की रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने के लिए कहा है। दरअसल, गांव रंगड़ीखेड़ा के सामाजिक कार्यकत्रा पवन कुमार पुत्र कश्मीरी लाल की ओर से मुख्य सचिव सहित आला अधिकारियों को शिकायत भेजी गई थी। जिसमें बताया गया कि सीडीएलयू में लैब अटेंडेंट के रूप में कार्यरत सुखविंद्र सिंह पुत्र दिलबाग सिंह द्वारा रंगड़ीखेड़ा के कच्चे रास्ते पर लकड़ी से कोयला बनाने वाली कई भ_ियां लगाई हुई है। जिसके कारण प्रदूषण फैलाकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। भ_ियों के संचालन के लिए किसी प्रकार की कोई अनुमति भी नहीं ली गई है। इसलिए आरोपी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाए। शिकायत में बताया कि उसने 21 जुलाई 2025 और एक अगस्त 2025 को शिकायत भेजी थी। मामले में क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण विभाग ने अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। आरोपी द्वारा शिकायत को उसके बीच आपसी लेनदेन का बताकर एसडीएम को गुमराह किया गया। जबकि शिकायत का इससे कोई लेना देना नहीं है। उसके द्वारा जब पहली बार शिकायत की गई थी, तब मौके पर कई भट्ठियां चल रही थी। जिसकी उसके पास आज भी वीडियो फुटेज उपलब्ध है।

## श्रीमद्भागवत गीता पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

# समर्पण भाव से किया कर्म ऊर्जा प्रदान करता : शीशपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रानियां


रानियां के ब्रह्माकुमारी आश्रम में तीन दिवसीय श्रीमद्भागवत गीता का सार, खुशहाल जीवन का आधार विषय पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन शुरू हुआ। इस मौके पर भाजपा नेता शीशपाल कंबोज ने कहा कि गीता का एक ही सार है भयमुक्त कर्म करते रहो और फल की चिंता न करो। उन्होंने कहा कि निष्काम और समर्पण भाव से किया गया कर्म ऊर्जा प्रदान करता है। जीवन यापन के दौरान जाने-अनजाने किसी का अहित न हो। उन्होंने कहा कि गीता केवल शास्त्र नहीं प्रयोगशाला है, हर व्यक्ति व्यक्ति को गीता की शिक्षाओं का अनुसरण करना चाहिए। ब्रह्माकुमारी कमलेश दीदी ने बताया कि कर्नाटक से राजयोगिनी बाल ब्रह्मचारिणी वीणा दीदी नें लाइव होकर उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत गीता का सार समझाया। ब्रह्माकुमारी वीणा दीदी ने गीता पर पीएचडी कर रखी और 500 से ज्यादा गीता पर प्रोग्राम कर चुकी है। उन्होंने समझाते हुए बताया कि सत्य गीता ज्ञान से हम जीवन को श्रेष्ठ बना सकतें है, यही सत्य गीता ज्ञान है जिससे हम बुराईयों से मुक्त होने की शक्ति प्राप्त कर सकते है। गीता ज्ञान केवल हिंदू धर्म का शास्त्र नहीं है, ये सभी धर्मों के लिए आवश्यक है। इससे मनुष्य को योग्य और महान बनने की प्रेरणा प्राप्त होती है। कर्म करना हमारा अधिकार है, फल की चिंता करना हमारा अधिकार नहीं है। उन्होंने भगवान द्वारा बताए गए आत्म संयम और आत्म ज्ञान को भी विस्तार किया और कहा कि यह दोनों धारणाएं हमें अनुभवी और आत्मविश्वासी बनाती है।



सिरसा। कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### खुद को ईश्वरीय कार्य में समर्पित करना ही सच्ची सेवा

उपमंडलाधीश पारस भगोरिया ने कहा कि समाज सुधार तथा मानसिक वृत्तियों के शुद्धिकरण के प्रति अपनी जिम्मेवारी को समझते हुए खुद को ईश्वरीय कार्य में समर्पित करना ही सच्ची सेवा है। उन्होंने कहा कि सभी धार्मिक संस्थाए एकजुट होकर एक ही दिशा में कार्य करेंगी तो जल्द ही विश्व में स्वर्णिम प्रभात का सूर्योदय होगा। इस अवसर पर ऐलनाबाद अग्रवाल सभा के प्रधान सुभाष गोयल, सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन पिंचू कालड़ा, एडवोकेट प्रकाशवीर जलंधरा, अविनाश कंबोज, चेयरमैन ललित पोपली, पूर्व सरपंच राजेंद्र कम्बोज, देशबंधू मेहता, डा. राधेश्यामं खुराना, निर्मल बसरा सहित शहर के अनेक प्रतिष्ठित लोग उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन लहंगा ऑर्डर के बहाने की ठगी, आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** ऑनलाइन लहंगा ऑर्डर के बहाने हजारों की ठगी करने के मामले में टोहाना पुलिस ने राजस्थान के एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान निखिल मीना पुत्र ओमप्रकाश मीना, निवासी फीलसान बिहारीपुरा, थाना बसी, जिला जयपुर, राजस्थान के रूप में हुई है। आरोपी के पास से 4100 रुपये नगद बरामद की गई। थाना सदर टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक शादी राम ने बताया कि शिकायतकर्ता प्रवीण कुमार, निवासी गांव गाजुवाला, थाना सदर टोहाना ने बताया कि उसकी पत्नी की इंस्टाग्राम आईडी से शीतल डिजाइनर्स नामक एक अकाउंट पर लहंगा ऑर्डर को लेकर बातचीत हुई। आरोपी ने व्हाट्सएप के माध्यम से क्यूआर कोड भेजकर एडवांस भुगतान के नाम पर 15500 रुपये ठग लिए।

### नौकरी के नाम पर खाता खुलवाकर की ठगी

**फतेहाबाद।** नौकरी के नाम पर बैंक खाता खुलवाकर ठगी करने के मामले में थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद पुलिस ने एक और युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हिमांशु पुत्र सुभाष, निवासी निकट रामलीला ग्राउंड, भुना के रूप में हुई है। इससे पहले भी इसी मामले में दो अन्य आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। थाना साइबर क्राइम प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि शिकायतकर्ता भगवत दयाल उर्फ शिवम पुत्र सतपाल, निवासी ठाकर बस्ती, फतेहाबाद ने यह मामला दर्ज कराया।

### फायरिंग मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** गांव बीराबदी में खेतों में जमीनी विवाद के चलते फायरिंग करने के मामले में सीआईए रतिया पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान संजीव कुमार पुत्र बूटा सिंह, निवासी खोखर ढाणी, रतिया के रूप में हुई है। इससे पहले इस मामले में 9 अन्य आरोपी पहले ही पुलिस गिरफ्त में आ चुके हैं। सीआईए रतिया प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक रिछपाल सिंह ने बताया कि यह मामला 16 मार्च का है, जब गांव बीराबदी के खेतों में जमीन विवाद के कारण हमला किया गया था।

### भोड़ियाखेड़ा में श्री श्याम संकीर्तन आज रात

**फतेहाबाद।** श्याम बाबा के प्रकट उत्सव के उपलक्ष्य में श्री श्याम संकीर्तन 9 नवम्बर रविवार को गांव भोडियाखेड़ा में पंजाबी चौक के पास स्थित आनंदपुर कुटिया में धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं और श्री श्याम भक्तों में संकीर्तन को लेकर काफी उत्साह है। यह जानकारी देते हुए महिला मंडल भोडिया की सदस्यों ने बताया कि यह कार्यक्रम रात्रि 8 बजे से प्रभुइच्छा तक आयोजित किया जाएगा। श्री श्याम संकीर्तन में टी सीरिज कलाकार भारत टुटेजा, वंश मुटरेजा, रजनी देवी सहित अनेक कलाकार बाबा श्याम का गुणगान करेंगे। उसके बाद बाबा श्याम का लंगर प्रसाद वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम में श्याम बाबा का दरबार देखने योग्य होगा।

### राजकीय कालेज में वार्षिक खेल प्रतियोगिता आयोजित

**उकलाना।** राजकीय महाविद्यालय में पांचवीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुगलपुरा की सरपंच राजपति एवं उनके पति मंगल राम उपस्थित रहे, जबकि समापन सत्र की अध्यक्षता डॉ. राजेश महत्ता, सेवानिवृत्त प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय भोडियाखेड़ा ने की। लड़कों में विक्रम कुमार (बीए तृतीय वर्ष) और लड़कियों में शिवांगी (बीए तृतीय वर्ष) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बेस्ट एथलीट ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता प्राचार्या डॉ. रेखा सलूजा के कुशल मार्गदर्शन एवं खेल समिति प्रभारी डॉ. तनुजा के नेतृत्व में संपन्न हुई।

## हरियाणा ओलंपिक संघ की फुटबॉल स्टेट चैम्पियनशिप

# भूना के फुटबॉलर करनाल में छाए झज्जर को हराकर बने स्टेट चैम्पियन

- पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया, भूना व फतेहाबाद का नाम किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना



**भूना।** स्टेट चैंपियनशिप में जीत के बाद खुशी का इजहार करते फतेहाबाद टीम के खिलाड़ी।

भूना के फुटबॉल खिलाडियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए करनाल में आयोजित हरियाणा ओलंपिक संघ की फुटबॉल स्टेट चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल जीत लिया। रोमांचक फाइनल मुकाबले में भूना के खिलाडियों ने झज्जर की टीम को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। जीत के बाद पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। जिला खेल अधिकारी विष्णु दास, फुटबॉल नर्सरी भूना के कोच जसमेर सिंह श्योराण, सनियाना नर्सरी कोच महेंद्र मेहरा, नगर पालिका चेयरपर्सन अर्पणा पसरीजा, वाइस चेयरमैन नरेंद्र बागड़ी और जिला फुटबॉल संघ के पदाधिकारियों ने टीम को बधाई दी। कोच जसमेर सिंह श्योराण ने बताया कि हरियाणा ओलंपिक स्टेट चैंपियनशिप में फतेहाबाद की टीम का पहला मुकाबला कैथल के साथ हुआ, जिसमें टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7-1 से जीत दर्ज की। दूसरा मैच लीग के अनुसार सिरसा के साथ होना था, लेकिन सिरसा की टीम के न पहुंचने पर फतेहाबाद ने कैथल से दोबारा मुकाबला खेला और 2-0 से जीत हासिल की। तीसरे मैच में फतेहाबाद का सामना करनाल की टीम से हुआ। दोनों ही टीमों ने जोरदार खेल दिखाया और निर्धारित समय तक मुकाबला बराबरी पर रहा। इसके बाद हुए पेनल्टी शूटआउट में भूना के फुटबॉलरों ने 9-8 से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबला फतेहाबाद (भूना) और झज्जर के बीच हुआ, जो बेहद रोमांचक रहा। दोनों टीमों ने शानदार खेल दिखाया, लेकिन निर्धारित समय तक कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। मुकाबला पेनल्टी शूटआउट तक पहुंचा, जिसमें भूना के खिलाड़ियों ने शानदार संयम दिखाते हुए झज्जर को 4-2 से हराया और स्टेट चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया।

### जीत का श्रेय पूरी टीम को : कप्तान

टीम के कप्तान मनदीप सिंह वर्मा ने जीत का श्रेय पूरी टीम को देते हुए कहा कि खिलाड़ियों की आपसी तालमेल और अनुशासन के कारण ही यह उपलब्धि संभव हो सकी। उन्होंने कहा कि मैच के हर पल में टीम ने एक-दूसरे का मनोबल बढ़ाया और विपक्षी टीम पर लगातार दबाव बनाए रखा। टीम की इस जीत पर जिला फुटबॉल संघ के प्रधान जयदीप बराला, उप प्रधान जोगिंदर पाल लीखा, मुकेश भूटानी, स्कूल प्रिंसिपल नरेश शर्मा, प्रो. जियालाल बंसल सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने बधाई दी और कहा कि भूना के फुटबॉलरों ने पूरे जिला फतेहाबाद और प्रदेश का नाम रोशन किया है।


**सिरसा।** सीएमके कालेज में सुखमणि साहब का पाठ करते पाठी।

## श्री गुरु तेग बहादुर सीएमके कालेज में कार्यक्रम

# सुखमणि साहब पाठ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- श्री गुरु तेग बहादुर जी के सर्वोच्च बलिदान की मानवता सदैव ऋणी रहेगी : रंजना ग्रोवर

सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में श्री गुरु तेग बहादुर के 350 वे शहादत वर्ष को समर्पित कॉलेज के सेमिनार हॉल में श्री सुखमणि साहब का पाठ करवाया गया। गुरु तेग बहादुर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कालेज प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के सर्वोच्च बलिदान की मानवता सदैव ऋणी रहेगी। धर्म, मातृभूमि और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए उन्होंने अपना सब कुछ बलिदान कर दिया। इसीलिए उन्हें हिंद की चादर के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा गया। श्री गुरु तेग बहादुर ने हमें निडर होकर एक स्वतंत्र जीवन जीने की शिक्षा दी। मुगल सम्राट औरंगजेब द्वारा गुरू जी और उनके परिवार को भारी यातनाएं देने पर भी उन्होंने आत्मसमर्पण नहीं किया, बल्कि उन्हें एक दिव्य शांति के साथ सहन किया। गुरू जी ने अपने जीवन का बलिदान दिया लेकिन सत्य और धार्मिकता के मार्ग को नहीं छोड़ा। श्री गुरु तेग बहादुर की शहादत मनुष्य को कर्तव्य परायणता, स्वतंत्रता व देश के प्रति प्रतिबद्धता का पाठ पढ़ाती है। आज की युवा पीढ़ी को श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन, चरित्र और बलिदान से प्रेरणा पाकर मानवीय और नैतिक मूल्यों को जीवन में आगे बढने की जरूरत है। श्री सुखमणि साहब पाठ का भोग डालने के उपरांत ढाडी जत्थे की ओर से भजन कीर्तन भी किया गया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर श्रीमती संगीता नंदा, बबीता मल्होत्रा, डॉक्टर आरती बंसल, डॉक्टर नछतर सिंह रंधावा डा दीपिका शर्मा, हरमीत सिंह सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

*विस्तार में 25 लाख की आएगी लागत*

# कुम्हार धर्मशाला में भवन विस्तार का रखा नींव पत्थर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

कुम्हार धर्मशाला में भवन विस्तार हेतु नींव रखकर कार्य का शुभारम्भ किया। कार्यकारिणी सचिव रामचंद्र नोखवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि भवन विस्तार की कुल लागत लगभग 25 लाख रुपये आएगी। इस अवसर पर जिला कुम्हार सभा सिरसा की आम सभा की बैठक भी हुई, जिसमें भवन निर्माण समिति/खरीद समिति का गठन किया गया, जिसमें प्रधान कुम्भा राम सहित सात सदस्य होंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से गुरदेव सिंह राही पूर्व चेयरमैन माटी कला बोर्ड, रामचंद्र लिम्बा प्रदेशाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कल्याण महासभा हरियाणा, दलीप वर्मा पूर्व प्रधान, रामानंद निराणिया पूर्व प्रधान, जीत सिंह जलंधरा, चानन राम, हरदयाल बैरी, पृथ्वीराज मलेठिया, सतपाल सिंहमार, बृज मोहन गेदर, वीर सिंह घोड़ेला, विनोद रेवाडिया, रतनलाल गेदर, मदन वर्मा, गगनदीप जलंधरा सहित सभा के सदस्य मौजूद रहे।


**सिरसा।** कुम्हार धर्मशाला नींव पत्थर रखते प्रधान कुंभा राम।

# फेसबुक विज्ञापन फ्रॉड मामले में साइबर पुलिस फतेहाबाद ने हिसार के युवक को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- ऑनलाइन रिव्यू देने के बदले भुगतान का दिया झांसा
- आरोपी से 5000 रुपये नकद बरामद किए

फेसबुक/इंस्टाग्राम एडवाटाइजमेंट फ्रॉड के एक मामले में थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कपिल पुत्र कुलदीप सिंह निवासी बालसमंद, जिला हिसार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 5 हजार नकद बरामद किए हैं। इससे पहले भी इसी मामले में एक अन्य आरोपी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। थाना साइबर क्राइम प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि यह मामला शिकायतकर्ता ज्योति पुत्री मनोहर लाल ग्रोवर, निवासी मॉडल टाउन, फतेहाबाद की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि 31 जनवरी को उसके मोबाइल नंबर पर अज्ञात व्यक्ति ने ऑनलाइन रिव्यू देने के बदले भुगतान का झांसा देकर ठगी की। आरोपी ने कई यूपीआई आईडी के माध्यम से अलग-अलग ट्रांजेक्शन में 1 लाख 6 हजार 500 रुपये अपने खातों में डलवाए और बाद में ब्लॉक कर दिया। पीड़िता ने इसकी ऑनलाइन शिकायत 2 फरवरी को दर्ज करवाई थी। इसके आधार पर थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद में जांच प्रारंभ की गई। जांच में तकनीकी साक्ष्य और बैंक ट्रांजेक्शन एनालिसिस से आरोपी कपिल पुत्र कुलदीप सिंह की संलिप्तता सामने आई, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा मामले में आगे की जांच जारी है ताकि इस ऑनलाइन ठगी नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जा सके।


**फतेहाबाद।** फेसबुक विज्ञापन फ्रॉड मामले में गिरफ्तार युवक।

# जेल लोक अदालत में एक विचाराधीन बंदी रिहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में केंद्रीय जेल 2 हिसार में जेल लोक अदालत का आयोजन हुआ। लोक अदालत की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गायत्री ने की। विभिन्न अदालतों में लंबित तीन मामले रखे गए जो एक केस में एक बंदी को रिहा किया गया। इस मामले में एक बंदी को सजा मुक्त कर दिया गया। सीजेएम गायत्री ने बताया कि जेल लोक अदालत हर महीने लगाई जाती है जिसमें केसों का निपटारा मौके पर ही जिला कारागार में ही किया जाता है। जेल लोक अदालत का उद्देश्य विचाराधीन बंदियों को न्याय दिलाने में तेजी लाना और उन्हें विशिष्ट श्रेणियों के मामलों में कानूनी राहत प्रदान करना है। फतेहाबाद जिले में अपनी जेल नहीं है इसलिए केंद्रीय जेल 2 हिसार में फतेहाबाद व हिसार दोनों जिलों के लिए सुधारात्मक सुविधा के रूप में कार्य करती है।

### विचाराधीन महिला कैदियों बारे की पूछताछ

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गायत्री ने बताया कि जेल लोक अदालत के दौरान तीन मामलों की समीक्षा की गई जिसमें एक केस में आरोपी की रिहाई हुई है। जो विचाराधीन बंदी भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) पुलिस स्टेशन शहर टोहाना के तहत दर्ज है। उन्होंने बताया कि जेल लोक अदालत छोटे अपराधों और समझौता योग्य आपराधिक मामलों से संबंधित मामलों को सुलझाने के लिए एक प्रभावी न्यायिक मंच के रूप में कार्य करती है। जेल लोक अदालत कानूनी सहायता को बढ़ावा देने, समय पर न्याय सुनिश्चित करने और न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास को मजबूत करने की एक महत्वपूर्ण पहल है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गायत्री ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। सीजेएम ने विचाराधीन महिला कैदियों बारे जेल प्रशासन से पूछताछ की। उन्होंने विचाराधीन महिला कैदियों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

# अब सीआईए सिरसा टीम करेगी चोरी के मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- सत्यम इंटरप्राइजेज में लाखों रुपए की ताम्बे की तार और अन्य सामान की चोरी

शहर के स्काउट चौक स्थित सत्यम इंटरप्राइजेज पर लाखों रुपए की ताम्बे की तार और अन्य सामान की चोरी की वारदात को सुलझाने का जिम्मा अब सीआईए सिरसा की टीम को दिया गया है। इस घटना में पीड़ित दुकानदार जितिन गोयल का करीब 15-20 लाख रुपए का नुकसान हुआ था। इस मामले में पहले सिटी थाना सिरसा में अभियोग नंबर-481 दर्ज करके जांच शुरू की गई थी। काफी समय तक इस घटना में संलिप्त आरोपियों का सुराग नहीं लगने पर नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए चोरी की इस वारदात की जांच और चोरों को पकडऩे का जिम्मा सिरसा सीआईए पुलिस टीम को सौंपा गया है, जिससे पीड़ित दुकानदार को भी अब न्याय की आस जगी है। इसी कड़ी में पीड़ित दुकानकार जितिन गोयल ने बताया कि सिरसा पुलिस की सीआईए टीम ने 7 नवंबर 2025 को घटनास्थल पर पहुंचकर वारदात का जायजा लिया और वारदात के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण बिन्दुओं की बारीकि से जांच की। सीआईए टीम ने कुछ दिन पहले सत्यम इंटरप्राइजेज के पड़ोस में भी हुई चोरी की वारदात की भी गहनता से पड़ताल की। पीड़ित दुकानदार जितिन गोयल ने बताया कि उन्हें विश्वास है कि जल्द से जल्द पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण के नेतृत्व में सीआईए टीम द्वारा चोरी की वारदात को ट्रेस करके चोरों की धरपकड़ की जाएगी और हमारे चोरी हुए सामान की भी जल्द से जल्द रिकवरी सीआईए टीम द्वारा करवाई जाएगी।

## स्टार्म वॉटर प्रोजेक्ट के तहत गली उधेड़कर भूला नगर परिषद

सिरसा। लाखों रुपये की लागत से तैयार की गई इंटरलॉक टाइलों वाली गली को करीब पांच माह पहले बरसाती पाइप लाइन बिछाने के लिए उधेड़ा गया था। अनाज मंडी रोड से सीएमके कालेज को जाने वाली पुराने यूको बैंक वाली गली को उधेड़कर अपने हाल पर छोड़ दिया गया। जिसके कारण न केवल गली निवासी परेशान है बल्कि इस गली से आने-जाने वाले सीएमके कालेज की छात्राएं और अध्यापक भी परेशान है। ए-ब्लॉक निवासी एडवोकेट कपिल गर्ग ने सीएम हरियाणा व स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त को मामले से अवगत करवाते हुए तोड़ी गई गली को पुनः बनाने की मांग की है। कपिल गर्ग ने बताया कि करीब पांच माह पहले इंटरलॉक वाली गली को उधेड़ा गया। स्टार्म वॉटर प्रोजेक्ट के तहत पाइप बिछाने के बाद इंटरलॉक टाइलों को फिर से नहीं बिछाया गया है, जिसके कारण लोग परेशानी झेल रहे है। उन्होंने बताया कि बरसात के समय में गली के कच्चे एरिया में फिसलन से दुर्घटना का भय बना रहता है।

# लाठी-डंडों से हमले के आरोपी को किया काबू

## आरोपी को न्यायालय में पेश कर हिरासत में भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

लाठी-डंडों से हमला कर स्कूटी छीनने के मामले में शहर टोहाना पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोनू पुत्र अंग्रेज सिंह, निवासी वार्ड नं. 14, गीता कॉलोनी, टोहाना के रूप में हुई है। आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि यह मामला शिकायतकर्ता सुरेंद्र पुत्र बलवान निवासी रत्ताखेड़ा, तहसील टोहाना द्वारा दर्ज करवाई गई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि 12 सितम्बर को वह अपने गांव से बैटरी स्कूटी पर टोहाना सामान लेने जा रहा था। इसी दौरान केएम सरस्वती स्कूल के पास आरोपी मोनू अपने दो साथियों के साथ रॉड और डंडे लेकर पहुंचा।

### पुराने झगड़े की रंजिश के चलते की मारपीट

पुराने झगड़े की रंजिश के चलते मोनू ने शिकायतकर्ता के पैरों पर वार किया और अन्य दो युवकों ने कमर पर हमला किया। इसके बाद आरोपी मोनू शिकायतकर्ता की बैटरी स्कूटी छीनकर फरार हो गया। जब शिकायतकर्ता पीछा करते हुए बस अड्डा टोहाना पहुंचा, तो वहां भी तीनों आरोपियों ने मिलकर उसके पैरों और शरीर पर वार किया और धमकी दी कि आज तो छोड़ दिया है, अगली बार जान से मार देंगे। आरोपियों ने जाते-जाते शिकायतकर्ता की एक सोने की कान की मुर्की भी छीन ली। घायल सुरेंद्र को राहगीरों ने सरकारी अस्पताल टोहाना में भर्ती करवाया, जहां से उसे उपचार हेतु एमएएमसी अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। इस मामले में पुलिस ने 13 सितम्बर को केस दर्ज कर मुख्य आरोपी मोनू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# 1.10 लाख की ठगी करने वाले को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर 1 लाख 10 हजार रुपये ठगने के मामले में जिले की जाखल पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नितिन कुमार बैरवा पुत्र मुकेश कुमार बैरवा, निवासी टाटिया थैलावास, गुड़ा कटला, जिला दौसा, राजस्थान के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी से 2200 रुपये नगद बरामद की। थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश ने बताया कि शिकायतकर्ता सतपाल सिंह पुत्र गुरदयाल सिंह निवासी उदयपुर, जिला फतेहाबाद ने शिकायत दर्ज करवाई कि 5 अगस्त को किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके बेटे जगदीप सिंह, जो कनाडा में रहता है, के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर ठगी की। आरोपी ने खुद को उनके बेटे के रूप में प्रस्तुत कर बताया कि उसे कनाडा में एजेंट को एक लाख 10 हजार रुपये देने हैं और यदि पैसे नहीं दिए तो उसका वीजा रद्द करवा देगा।

## टीम ने नशे की चपेट में आए युवाओं और नागरिकों से की मुलाकात

# रत्ताखेड़ा व रतिया में 9 ड्रग पीड़ितों की काउंसलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** गांवों में जागरुकता अभियान चलाती जिला पुलिस की नशामुक्ति टीम।

जिला पुलिस की नशामुक्ति टीम द्वारा एसआई सुंदर के नेतृत्व में गांव रत्ताखेड़ा और रतिया का दौरा किया गया। टीम ने नशे की चपेट में आए युवाओं और नागरिकों से मुलाकात कर उन्हें पुनर्वास एवं नशामुक्त जीवन की ओर लौटने के लिए प्रेरित किया। अभियान के दौरान गांव रत्ताखेड़ा के 4 तथा रतिया के 5 ड्रग पीड़ित व्यक्तियों को चिन्हित किया गया। सभी की काउंसलिंग की गई और उनकी मानसिक एवं शारीरिक स्थिति के अनुसार आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक औषधियां उपलब्ध कराई गई।

टीम सदस्यों ने पीड़ितों को जागरूक करते हुए बताया कि नशा व्यक्ति के जीवन, परिवार और समाज—तीनों को धीरे-धीरे खत्म कर देता है। नशा मुक्ति टीम ने गांव की गलियों और सार्वजनिक स्थलों पर आम नागरिकों से भी संवाद किया। ग्रामीणों को बताया गया कि नशे का कारोबार समाज के लिए एक गंभीर खतरा है, और यदि किसी को इस संबंध में कोई जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। उपस्थित ग्रामीणों ने भी नशा उन्मूलन की इस मुहिम में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। एसआई सुंदर ने बताया कि ऑपरेशन जीवन ज्योति के अंतर्गत जिलेभर में नशा पीड़ितों की पहचान, काउंसलिंग और उपचार की प्रक्रिया निरंतर जारी है। पुलिस विभाग का उद्देश्य केवल नशे की सप्लाई चेन को तोडऩा नहीं, बल्कि पीड़ितों को सामान्य और सम्मानजनक जीवन में वापस लाना भी है।

## खबर संक्षेप

### महिला उद्यमिता पर सेमिनार आयोजित

**सिरसा।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय में महिला उद्यमिता और महिला उद्यमिता के लिए वित्तीय योजनाएं विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के लोकसंपर्क अधिकारी प्रो. रमेश सोनी ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. अंजू गोयल ने महिला उद्यमिता का महत्व, स्व-रोजगार के अवसर, सरकार द्वारा संचालित विभिन्न वित्तीय योजनाओं की जानकारी दीद्य वक्ता ने महिला उद्यमिता की भूमिका पर कहा कि आज महिला केवल गृहणी नहीं बल्कि रोजगार सर्जक बन रही है।

### गुलक चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने दबोचा

**फतेहाबाद।** गांव रत्ताखेड़ा स्थित लखदाता पीरखाना से गुलक चोरी करने के मामले में रतिया पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान सोनू उर्फ सोनी पुत्र चना राम निवासी लखीवाला, थाना बोहा के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि 22 अक्टूबर को गांव रताखेड़ा निवासी जग्गा राम पुत्र मुंदर राम, जो गांव स्थित लखदाता पीरखाना में सेवादार हैं, ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उनके दानपात्र को अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। चोरी का समय लगभग 1:40 बजे दिन में सीसीटीवी फुटेज में देखा गया। शिकायत के अनुसार, चोरी गए गुलक में करीब 20 हजार रुपये नकद और लगभग 22 तोले चांदी के कंगन थे। पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इस संबंध में थाना शहर रतिया में 7 नवंबर को धारा 305, 331(3) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### बाइक चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

फतेहाबाद। मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले में रतिया पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जगसीर सिंह उर्फ लादेन पुत्र बुध सिंह निवासी गामीवाला, थाना बोहा, पंजाब के रूप में हुई है। इससे पहले इस मामले में एक अन्य आरोपी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि 18-19 अप्रैल 2025 की रात को शिकायतकर्ता गुरप्रीत सिंह पुत्र मलकीत सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उनके घर में खड़ी मोटरसाइकिल चोरी हो गई है। पुलिस ने तत्परता से जांच आरंभ की। मौके का निरीक्षण कर सीन ऑफ क्राइम टीम द्वारा साक्ष्य एकत्र किए गए।

### बाबा खेतरपाल व माता मसानी का दिवान 14 को

**रतिया।** बाबा खेतरपाल व माता मसानी का 5वां विशाल दिवान व भंडारा 14 नवंबर को गांव जल्लोपुर के बाबा खेतरपाल मंदिर में बड़ी धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए मंदिर के मुख्य सेवादार सुमित नापा ने बताया है कि हर साल की तरह इस साल भी गांव जल्लोपुर में बाबा खेत्रपाल व माता मसानी का विशाल दीवान व भंडारा बड़ी धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। प्रसिद्ध गायक सरदार चन्नू व हनुमानगढ़ से सुप्रसिद्ध सूफी गायक, गुरसेवक अली अपने भजनों रौनक बढ़ाएंगे।

## अस्पताल में उपचार के लिए पहुंच रहे लोग, बुजुर्ग भी बीमार

# सुबह-शाम की ठंड बच्चों पर भारी अस्पताल में 15% बढ़ी ओपीडी




**फतेहाबाद।** नागरिक अस्पताल में उमड़ी मरीजों की भीड़।

फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

बीते कई दिन से क्षेत्र में सुबह-शाम ठंड होने लगी है। इसके बावजूद अभिभावक बच्चों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे उनकी सेहत पर असर पड़ रहा है। स्थिति यह है कि सिविल अस्पताल की ओपीडी में करीब 15 प्रतिशत बच्चों में ठंडी, उल्टी व पेट में दर्द का प्रकोप देखा गया है। इसके अलावा बच्चों से लेकर महिलाओं व बुजुर्गों में 40 फीसदी खांसी, जुकाम व बुखार के मरीज आ रहे हैं। इस पर चिकित्सक उन्हें दवा देने के अलावा बदलते मौसम में बचाव की सलाह दे रहे हैं।

फतेहाबाद में बीते कई दिनों से तापमान में बदलाव हो रहा है। बीते मंगलवार को हुई बरसात के बाद से ही तापमान लुढकना शुरू हो गया था। इन दिनों अधिकतम तापमान 26 और न्यूनतम 11 डिग्री सेल्सियस तक हो रहा है। हालांकि दिन में धूप निकलने के चलते हल्की गर्मी महसूस हो रही है, लेकिन शाम होने के बाद ठंड हो जाती है। इस मौसम में चिकित्सकों द्वारा लोगों को विशेष ध्यान रखने की सलाह दी जा रही है। इसके बावजूद लोग दिन में ठंडे पानी का सेवन हैं और रात को तेज स्पीड में पंखा चलाते है, इसी के चलते वे बीमार हो रहे हैं। सिविल अस्पताल में इन दिनों 500 से अधिक मरीजों की ओपीडी हो रही है। सुबह से ही ओपीडी के बाहर मरीजों लाइन लग रही है। इनमें 15 प्रतिशत बच्चों को ठंड, उल्टी व पेट दर्द की समस्या मिल रही है। वहीं 40 प्रतिशत लोग खांसी, जुकाम व बुखार से ग्रस्त मिल रहे हैं। इसी के आधार पर चिकित्सक उनका इलाज करने के बाद ठंड में बचाव के तरीके बता रहे हैं।

### प्रदूषण के कारण सांस के रोगी भी बढ़ रहे

चिकित्सकों के अनुसार इन दिनों प्रदूषण भी बढने लगा है। आगामी दिनों में यह और अधिक होगा। इससे सांस के मरीजों की अधिक समस्या बढ़ेगी। ऐसे में उनका धुआं, धूल व मिट्टी से बचाव रखना होगा। इसके साथ ही उन्हें केला, दही व लस्सी का सेवन बंद करना पड़ेगा, वहीं अधिक मसालों से बने खाने का भी परहेज करना होगा, जिससे वे प्रदूषण के चलते होने वाली समस्या से बचे रहेंगे।

### पूरी तरह से कपड़े पहनकर निकलें

- बच्चों को सुबह व शाम को जुराबों के साथ पूरी बाजू के कपड़े पहनाएं।
- जंक फूड का सेवन न करने दें।
- गुनगुने पानी का सेवन कराएं।
- प्रदूषण को देखते हुए मास्क लगाकर घर से बाहर निकलें।
- स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह लें

### खानपान में करें परिवर्तन

बीते कई दिन से मौसम में बदलाव आया है। इस मौसम में खानपान व पहनावे में परिवर्तन करें। इन बातों का ध्यान न देने पर ही बच्चे व अन्य लोग बीमार हो रहे हैं। अस्पताल में आने वाले मरीजों को इलाज की सुविधा दी जा रही है। वहीं उन्हें बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए जा रहे हैं।

- डॉ. बुधराम, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, सिविल अस्पताल, फतेहाबाद

# 9वें श्री अखंड पाठ का भोग श्रद्धापूर्वक डाला



**ओढां।** अखण्ड पाठ के भोग से पूर्व रागी जत्था कीर्तन करते।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओढां

धन गुरु नानक क्लब ओढ़ा द्वारा हर वर्ष की तरह गुरुपर्व के बाद मंडी वाली धर्मशाला में 9वें श्री अखंड पाठ का भोग शनिवार को डाला गया। इस अवसर पर कथावाचक भाई मंगत सिंह, भाई सुखचरण सिंह और साथियों ने शब्द कीर्तन और कथा विचारों से संगत को निहाल किया। उन्होंने बताया कि सिख धर्म के प्रथम गुरु नानक देव ने सिखाया कि ईश्वर एक है और वो हर जगह उपस्थित है। प्रभु का नाम सुमिरन करने से व्यक्ति के जीवन का अंधकार मिटता है और जीवन में सुख शांति आती है। नाम जप करने से व्यक्ति दया और प्रेम का पाठ सीखता है। उन्होंने सतगुरू नानक परगटेया मिटी धुंध जग चानन होआ और कलि तारण गुरु नानक आया आदि शब्द सुनाकर संगत को निहाल किया। भोग के बाद धन गुरु नानक क्लब के सदस्यों द्वारा कथा वाचक मंगत सिंह समेत सारी संगत का पहुंचने पर धन्यवाद किया। क्लब द्वारा लंगर की व्यवस्था की गई और सभी को पंक्तियों में बिठाकर गुरु का अटूट लंगर वरताया गया। क्लब के प्रधान लखी ओढ़ा ने बताया कि क्लब द्वारा गांववासियों के सहयोग से हर वर्ष अखण्ड पाठ करवाया जाता है। इस अवसर पर गांव के गणमान्य व्यक्ति, ग्राम पंचायत के सभी सदस्य, सामाजिक व धार्मिक संस्थान और सभी राजनैतिक पार्टियों के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### श्री राधा कृष्ण मंदिर में भव्य मूर्ति स्थापना समारोह 10 नवंबर को

**रतिया।** श्री राधा कृष्ण मंदिर कमेटी रतिया द्वारा शक्ति नगर स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में 10 नवंबर सोमवार को मूर्ति स्थापना समारोह आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत 6 नवंबर को पूरी विधि-विधान से मंत्र उच्चारण के साथ पंडित कपिल कृष्ण बृजवासी की टीम द्वारा पूजा अर्चना के साथ हो चुकी है। इस समारोह की अध्यक्षता शक्ति नाटक क्लब रतिया के प्रधान राजेश सेतिया द्वारा की जाएगी। इस भव्य समारोह में श्री खाटू श्याम जी, शिवलिंग एवं शिव परिवार, श्री राधा कृष्ण जी, श्री हनुमान जी और श्री राम दरबार की मूर्ति की स्थापना की जाएगी, जो श्रद्धालुओं के लिए एक अद्भुत अवसर होगा। समारोह के दौरान प्रतिदिन पूजा होती है।

# आदर्श स्कूल दरियापुर में एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन, कई स्कूलों के शिक्षक हुए शामिल

- छात्रों में लाइफ स्किलस को विकसित करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दरियापुर ने लाइफ स्किलस पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया, जिसका नेतृत्व आनंद शर्मा व रोहताश सिंह ने किया। इस सत्र का उद्देश्य शिक्षा प्रणाली को सशक्त बनाना था।

स्कूल शिक्षकों के अलावा अन्य विद्यालयों के शिक्षकों ने भी इस सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया और छात्रों में लाइफ स्किलस को विकसित करने के तरीकों पर चर्चा की। शिक्षकों को बताया गया कि वे अपने दैनिक शिक्षण में विभिन्न गतिविधियों और परियोजनाओं को शामिल करके छात्रों में लाइफ स्किलस को विकसित कर सकते हैं। इस प्रशिक्षण सत्र से शिक्षकों को छात्रों में संचार कौशल, समस्या-समाधान क्षमता, और टीम वर्क जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशलों को विकसित करने में मदद मिलेगी। इससे छात्रों को अपने व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में सफलता प्राप्त करने में मदद मिलेगी।




**फतेहाबाद।** आदर्श स्कूल दरियापुर में आयोजित प्रशिक्षण सत्र में भाग लेते शिक्षक।

### भविष्य की चुनौतियों के लिए शिक्षा अहम

स्कूल प्रबंधकों ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्रदान करना नहीं है, बल्कि छात्रों को जीवन के लिए तैयार करना है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस सत्र से शिक्षक इस दिशा में और भी मजबूत बनेंगे और हमारे छात्रों को जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करेंगे। इस प्रशिक्षण में 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें आदर्श सीनियर सैकेण्डरी स्कूल दरियापुर के अलावा आर्मी स्कूल हिसार, रॉयल पब्लिक स्कूल बहबलपुर, गांधी विद्या मंदिर स्कूल फतेहाबाद ने भाग लिया।

# शूरसैनी जयंती महासम्मेलन को लेकर चलाया जनसंपर्क अभियान

- 16 को नारनौल में आयोजित किया जाएग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

आगामी 16 नवम्बर को नारनौल में आयोजित होने वाले महाराजा शूरसैनी जयन्ती महासम्मेलन के लिए सैनी महापंचायत के प्रदेश सचिव बलदेव सैनी ने आज जनसम्पर्क अभियान चलाते हुए समाज के लोगों को निमंत्रण दिया। उन्होंने बताया कि यह आयोजन समाज के महापुरुषों के प्रति श्रद्धा, आस्था और एकता का प्रतीक होगा। बलदेव सैनी ने कहा कि इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर समाज को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि महाराजा शूरसैनी हमारे समाज के आदर्श हैं, जिन्होंने न्याय, समानता और पराक्रम के मार्ग पर समाज को अग्रसर किया। उनके बताए मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर सैनी महापंचायत के जिलाध्यक्ष जयभगवान सैनी, सैनी सभा टोहाना के प्रधान कृष्ण सैनी सहित अन्य मौजूद रहे।




**फतेहाबाद।** महासम्मेलन को लेकर जनसम्पर्क अभियान चलाते समाज के लोग।

# श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में विद्यार्थियों को वितरित की छात्रवृत्ति

- मेधावी विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में जिला के गणमान्य लोगों द्वारा विद्यार्थियों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति के लिए एक आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हरिओम भारद्वाज उपस्थित रहे। उन्होंने आज अनेक विद्यार्थियों को अपने हाथों से 3100-3100 रुपए प्रत्येक छात्र को छात्रवृत्ति प्रदान की। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रधान सुरेंद्र बंसल एडवोकेट उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि जिला के लगभग 86 गणमान्य लोगों द्वारा प्रतिवर्ष जरूरतमंद विद्यार्थियों को 3100 व 5100 की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। उन्होंने इस मौके पर सभी 86 छात्रवृत्ति दान-दाताओं का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद किया। प्राचार्य गणेश शंकर ने कहा कि इस छात्रवृत्ति से जरूरतमंद बच्चों को शास्त्री की शिक्षा ग्रहण करने में सहायता मिलती है। इससे वह आगे बढ़ते है।



**सिरसा।** विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति वितरित करते हरिओम भारद्वाज।

# डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ स्वास्थ्य के लिए घातक

- फास्ट फूड व मीठे पदार्थ खाने से परहेज करें : डॉ. संदीप भादू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओढां

गांव जलालआना में शाह सतनाम जी स्पेशलिटी हॉस्पिटल की ओर से एक दिवसीय निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मरीजों के स्वास्थ्य की जांच करके उन्हें निशुल्क दवाइयां एवं उचित परामर्श दिया। शिविर में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप भादू ने कहा कि इस समय हर गांव में डेंगू के केस बढ़ रहे हैं। इसलिए स्वास्थ्य की तरफ ध्यान देते हुए किसी तरह की ढिलाई न बरतें। अगर कुछ दिनों तक बुखार व जोड़ों में दर्द रहता है तो चिकित्सकों से सम्पर्क करें। जब भी टेस्ट करवाएं तो अकेले प्लेटलेट्स टेस्ट करवाने की बजाय लिवर के सभी टेस्ट करवाएं। वहीं उन्होंने डेंगू के प्रति सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा कि अपने आसपास के वातावरण को साफ रखें, पानी को जमा न होने दें और अगर बुखार है तो इसे अनदेखा न करें।



**ओढां।** गांव जलालआना में आयोजित शिविर में मरीज की जांच करते चिकित्सक।

### ब्लड प्रेशर व शुगर की अनदेखी न करें

उन्होंने ब्लड प्रेशर व शुगर बारे कहा कि इन्हें लंबे समय तक अनदेखा न कर समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाएं। उन्होंने कहा की डिब्बा बंद व ज्यादा मीठे खाद्य पदार्थ खाने से परहेज करें तथा दिनचर्या में योगाभ्यास जरूर करें व डाइट में हरी सब्जियों का इस्तेमाल अधिक करें। अकेले गेहूं के आटे की बजाय उसमें अन्य अनाज का भी मिश्रण अवश्य करें। नेत्र विभाग से मुकेश कुमार ने कहा कि आंखों के मामले में किसी प्रकार की अनदेखी न करें और ना ही अपनी मर्जी से बिना जानकारी के आंखों में दवा डालें। आंखे प्रकृति का बेहद ही अमूल्य उपहार है।

## डीएवी में स्पोर्ट्स मीट- बच्चों ने खेलों में दिखाई प्रतिभा

# दीपिका और अर्शदीप ने लगाई सबसे लंबी छलांग

कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के डायरेक्टर राकेश मेहता व अन्य ने मिलकर किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर डीएवी स्कूल नागपुर में स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। स्कूल के खेल कोच सुखचैन सिंह की देखरेख में आयोजित इस स्पोर्ट्स मीट में विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के डायरेक्टर राकेश मेहता, प्रिंसीपल रंजू मेहता व कोर्डिनेटर सलोनी ग्रोवर ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका चांदनी ने किया। स्पोर्ट्स मीट के दौरान दौड़, रस्साकशी, लेमन रेस, हरडल दौड़, लोंग जम्प, फॉग रेस, रिले रेस, खो-खो, एथलेटिक्स सहित विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं हुई। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रिंसीपल रंजू मेहता ने कहा कि स्पोर्ट्स मीट के आयोजन विद्यार्थियों में टीम भावना, अनुशासन और प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देते हैं वहीं विद्यार्थियों में शिक्षा के तनाव को कम करने में भी सहायक है। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों को स्वस्थ रखने और उनके सर्वांगीण विकास में मदद करते हैं। इससे छात्रों में मिलजुल कर काम करने और एक-दूसरे का सहयोग करने की भावना विकसित होती है। उन्होंने प्रतियोगिताओं में विजेता रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षिका चांदनी ने बताया कि लड़कियों की 200 मीटर रेस में दीपिका, लडक्रों में जगदीश, 400 मीटर दौड़ लड़कियों में दीपिका व लडक्रों में जश्नदीप, रिले रेस में अर्शदीप, लोंग जम्प लड़कियों में दीपिका व लडक्रों में अर्शदीप, फॉग रेस लड़कियों में भारती व लडक्रों में सार्थक, बॉल कॉलेक्ट लड़कियों में जैसमीन व लडक्रों में सहज सिंह ने बाजी मारी।



**रतिया।** डीएवी स्कूल नागपुर में आयोजित खेल प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

# सूक्ष्म शिक्षण कौशल पर ओरिएंटेशन कार्यक्रम, विद्यार्थियों को दिए टिप्स

- सूक्ष्म शिक्षण कौशल बीएड के पाठयक्रम का एक जरूरी हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन महाविद्यालय में सूक्ष्म शिक्षण कौशल पर ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. पूनम मिगलानी ने कहा कि सूक्ष्म शिक्षण कौशल पूर्व सेवाकालीन शिक्षकों को प्रशिक्षित कर छात्रध्यापकों में शिक्षण कौशल विकसित करने की एक तकनीक है।

जिसके माध्यम से छात्रों को एक कुशल अध्यापक बनाया जा सकता है। इंचार्ज मीनू वर्मा ने छात्रों को सूक्ष्म शिक्षण के बारे में बताते हुए कहा कि सूक्ष्म शिक्षण कौशल बीएड के पाठयक्रम का एक जरूरी हिस्सा है जिसके माध्यम से हम छात्रों को अच्छी तरह से एक सफल शिक्षक बनाना सिखाते हैं। इसके द्वारा अध्यापक किसी एक शिक्षण कौशल कम समय में छोटे समूह को पढाकर अभ्यास कर सकता है और पांच से सात मिनट के पाठ में किसी एक प्रकरण का अध्यापन पांच से दस बच्चों के समूहों मे किया जाता है। इससे बच्चों को फायदा होता है।



**सिरसा।** कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

